प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पत्रांक–एनआरएचएम / एसपीएमयू / मै0डे0आ0 / 54बी / 2012–13 1267-12 दिनांक 04 08.2012

विषय–राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत मातृ मृत्यु समीक्षा कार्यक्रम के कियान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,


आप अवगत हैं कि एनुअल हेल्थ सर्वे 2010–11 की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश की मातृ मृत्यु दर 345 प्रति एक लाख जीवित जन्म हो गयी है। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत वर्ष 2017 तक इसे 200 प्रति एक लाख जीवित जन्म तक लाने का लक्ष्य रखा गया है। यह सर्वविदित है कि मातृ–मृत्यु के लिये केवल चिकित्सकीय कारण ही नहीं वरन् सामाजिक / भौगोलिक / आर्थिक आदि कई परिस्थितियां भी उत्तरदायी हैं। इन सभी कारकों के विश्लेषण के फलस्वरूप ही मातृ–मृत्यु दर में अपेक्षित कमी लाने के लिये प्रभावी रणनीति बनायी जा सकती है। भारत सरकार द्वारा मातृ–मृत्यु समीक्षा की रणनीति के प्रभावी कियान्वयन के माध्यम से जनपदों की प्रसव सेवाओं में गुणवत्तापूर्ण सुधार के निर्देश दिये गये हैं जिसके कम में विगत 3 वर्षों में जनपद–स्तरीय विभिन्न समितियां गठित की गयी हैं एवं सभी समितियों के सदस्यों को प्रशिक्षित भी किया गया है। चिकित्सा इकाई एवं समुदाय के स्तर पर मातृ मृत्यु समीक्षा हेतु प्रशिक्षण पुस्तिकाएं व हिन्दी / अंग्रेजी के प्रारूप सी0डी0 पर एवं एन0आर0एच0एम0 उत्तर प्रदेश की अधिकृत वेबसाइट www.upnrhm.gov.in पर भी उपलब्ध करा दिए गए हैं।

**1.** यह अत्यन्त खेद का विषय है कि जनपद स्तर पर अभी यह कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित नहीं किया जा रहा है। महानिदेशक, परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश के स्तर से पत्र संख्या एम0सी0एच0 / मे.डे.अ. / 2010–11 / 625–141 दिनांक 11.05.2010 द्वारा समस्त जनपदों को प्रत्येक मातृ मृत्यु की फैसिलिटी बेस्ड मैटरनल डेथ ऑडिट (Facility based maternal death audit) तथा कम्युनिटी बेस्ड मैटरनल डेथ ऑडिट (Community based maternal death audit) करने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश प्रेषित किए गए थे परन्तु सभी जनपदों से समितियां गठित किए जाने की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। जनपद स्तर पर गठित की जाने वाली समितियां इस प्रकार हैं–

1.1. जनपद स्तरीय मातृ मृत्यु समीक्षा समिति
1.2. जिला महिला चिकित्सालय स्तरीय मातृ मृत्यु समीक्षा समिति
1.3. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (L-2 & L-3) स्तरीय मातृ मृत्यु समीक्षा समिति
1.4. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (L-2 ) स्तरीय मातृ मृत्यु समीक्षा समिति

इन सभी समितियों का गठन कर संलग्न प्रारूप (**संलग्नक–1**) पर सूचना तत्काल प्रेषित कर दें।

**2.** उत्तर प्रदेश में एक वर्ष में अनुमानित कुल 17550 मातृ–मृत्यु के सापेक्ष केवल 760 मातृ–मृत्यु रिपोर्ट हुई जिसमें 551 मातृ–मृत्यु की समीक्षा की गयी। अपने जनपद की जनसंख्या (जनगणना 2011 के अनुसार) एवं जन्म दर (एनुअल हेल्थ सर्वे 2010–11 के अनुसार) की सूचना प्राप्त कर निम्नतालिका पर दिए गए मातृ–मृत्यु दर के अनुसार वर्ष में कुल होने वाली मातृ–मृत्युओं की संख्या की गणना कर लें।




उदाहरण के लिए जनपद फैजाबाद की जनसंख्या 24,68,371 तथा जन्म दर 25.5 है। फैजाबाद मण्डल की मातृ–मृत्यु दर 451 के अनुसार जनपद फैजाबाद में एक वर्ष में कुल होने वाली मातृ–मृत्युओं की संख्या लगभग 284 होनी संभावित है। इस संख्या को मातृ मृत्यु समीक्षा हेतु वार्षिक लक्ष्य मानते हुए इस कार्यक्रम की जनपद एवं मण्डल स्तर पर समीक्षा की जानी है। प्रत्येक जनपद पर वर्ष 2012–13 में कुल होने वाली मातृ–मृत्युओं की कम से कम 50 प्रतिशत की रिपोर्ट अवश्य होनी चाहिए। इसके लिए जनपद स्तर पर विशेष अभियान चलाए जांय।

**3. मदर एण्ड चाइल्ड ट्रैकिंग सिस्टम से मातृ मृत्यु को जोड़ना**– मातृ मृत्यु कम करने हेतु यह अत्यन्त आवश्यक है कि मातृ मृत्यु को मदर एण्ड चाइल्ड ट्रैकिंग सिस्टम से जोड़ा जाय। ध्यान रखें कि एच0एम0आई0एस0 के अन्तर्गत सूचित मातृ–मृत्यु की संख्या एवं वेब बेस्ड रिपोर्टिंग फॉर्मेट M-4 पर प्रेषित सूचना में विरोधाभास या असमानता नहीं होने पाये।

**4. मातृ मृत्यु की रिपोर्ट करने पर आशा को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि**–एस0पी0एम0यू0 कार्यालय के पत्र संख्या–एस.पी.एम.यू./कम्यू.प्रो./आशा/2012–13/09–03/703–72 दिनांक 12.07.2012 द्वारा प्रत्येक मातृ–मृत्यु की रिपोर्ट करने पर आशा को प्रोत्साहन धनराशि के रूप में रू0–50.00 की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है वर्तमान में भारत सरकार द्वारा यह धनराशि बढ़ाकर **रू0–100.00** कर दी गई है। इस मद में अतिरिक्त धनराशि के आबंटन की आवश्यकता नहीं

है क्योंकि पूर्व से ही प्रति आशा एक मातृ मृत्यु के हिसाब से धनराशि आबंटित की जा चुकी है जबकि 8–10 आशाओं के क्षेत्र के बीच वर्ष में केवल एक ही मातृ मृत्यु संभावित है।

**5.** प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा आशाओं को प्रोत्साहन के रूप में दी जाने वाली धनराशि की समीक्षा जनपद स्तर पर होने वाली मासिक बैठकों में की जायगी।

**6. सामुदायिक स्तर पर मातृ मृत्यु ऑडिट हेतु आशा/ए0एन0एम0 एवं पारिवारिक सदस्य को प्रोत्साहन राशि–** सामुदायिक स्तर पर मातृ मृत्यु ऑडिट हेतु आशा, ए0एन0एम0 एवं 1 पारिवारिक सदस्य में प्रत्येक को रू0 100.00 की धनराशि दी जायगी। इस प्रकार प्रत्येक सामुदायिक स्तर पर मातृ मृत्यु ऑडिट के लिए रू0 300.00 की धनराशि अवमुक्त की जा रही है। इस गतिविधि की भी जनपद स्तरीय मासिक बैठक में समीक्षा की जाय। इसके अतिरिक्त मृतिका के परिवार के दो सदस्यों को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में प्रस्तुत होने के लिए रू0–100.00 की धनराशि प्रति व्यक्ति प्राविधानित है जो उस क्षेत्र की चिकित्सा इकाई की रोगी कल्याण समिति से दी जायगी।

**7. जनपद एवं मण्डल स्तर पर कार्यक्रम की समीक्षा–**

7.1. **जनपद स्तर पर मासिक समीक्षा बैठकों का आयोजन–** जनपद स्तर पर प्रत्येक माह मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जनपद स्तरीय मातृ मृत्यु समीक्षा समिति की बैठक बुलाकर मातृ–मृत्यु की सूचना एवं ऑडिट (फैसिलिटी बेस्ड मैटरनल डेथ ऑडिट, सामुदायिक स्तर पर मातृ मृत्यु ऑडिट) की समीक्षा की जाय। इस गतिविधि हेतु कोई धनराशि प्राविधानित नहीं है। मासिक समीक्षा की रिपोर्ट जिला स्वास्थ्य समिति की प्रत्येक बैठक में अवश्य प्रस्तुत की जाय। इस बैठक में मासिक मातृ–मृत्यु के सापेक्ष रिपोर्ट हुई मातृ–मृत्यु का संभावित आंकलन कर समीक्षा की जाय।

7.2. **जनपद स्तर पर प्रत्येक त्रैमास मातृ–मृत्यु की रिपोर्टिंग, ऑडिट व विश्लेषण के प्रस्तुतीकरण हेतु बैठकों का आयोजन –** प्रत्येक त्रैमास के अन्त में जनपद स्तर पर सभी मातृ–मृत्यु ऑडिट रिपोर्टों (फैसिलिटी बेस्ड मैटरनल डेथ ऑडिट एवं सामुदायिक स्तर पर मातृ मृत्यु ऑडिट) का विश्लेषण कर जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुतीकरण किया जाय। प्रथम त्रैमास के पश्चात दो दिवसीय अभिमुखीकरण/समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाय जिसमें प्रथम दिवस पर सभी समितियों के सदस्यों को मातृ–मृत्यु ऑडिट के सम्बन्ध में पुनः विस्तृत जानकारी दी जाय। इस दिवस पर सब छूटे हुए सदस्यों/चिकित्साधिकारियों का अभिमुखीकरण कर दिया जाय। दूसरे दिन सभी मातृ–मृत्यु ऑडिट रिपोर्टों का विश्लेषण कर प्रस्तुतीकरण किया जाय। प्रथम त्रैमास के पश्चात दो दिवसीय अभिमुखीकरण/समीक्षा बैठक हेतु प्रत्येक जनपद को रू0–10000.00 की धनराशि अनुमन्य है।

अवशेष द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ त्रैमास के पश्चात जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मातृ–मृत्यु ऑडिट रिपोर्टों का विश्लेषण कर प्रस्तुतीकरण हेतुएक दिवसीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाय। इन बैठकों के लिए प्रति बैठक रू0–5000.00 की दर से कुल रू0–15000.00 की धनराशि अनुमन्य है। इस प्रकार जनपद स्तर पर त्रैमासिक विश्लेषण बैठकों के

लिए कुल रू0–25000.00 (10000.00+5000.00+5000.00+5000.00) की धनराशि अवमुक्त की जा रही है।

7.3. **मण्डल स्तर पर मातृ मृत्यु की रिपोर्टिंग, ऑडिट व विश्लेषण हेतु त्रैमासिक समीक्षा बैठकों का आयोजन** –प्रत्येक मण्डल स्तर पर त्रैमासिक समीक्षा बैठकों का आयोजन किया जाना है। यह बैठक मण्डल स्तर पर अपर निदेशक की अध्यक्षता में की जाय जिसमें मण्डल के अन्तर्गत आने वाले सभी जनपदों के कार्यक्रम प्रभारी व सभी जनपदीय समितियों के अध्यक्ष प्रतिभाग करें। सभी जनपदों के प्रभारी इस बैठक के आयोजन से पूर्व जनपद स्तरीय त्रैमासिक बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की प्रगति रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करें। प्रत्येक त्रैमासिक समीक्षा बैठक हेतु प्रति मण्डल रू0–25000.00 की दर से रू0–100000.00 की धनराशि मण्डलीय जनपद की जिला स्वास्थ्य समिति के खाते में अवमुक्त की जा रही है।

**8. मातृ–मृत्यु से सम्बन्धित फॉर्म्स एवं विभिन्न रिपोर्टिंग प्रपत्र की वार्षिक छपाई–** मातृ–मृत्यु से सम्बन्धित फॉर्म्स एवं रिपोर्टिंग प्रपत्र की छपाई हेतु सभी जनपदों को रू0–5000.00 की धनराशि अनुमन्य है।

**9.** जिला स्वास्थ्य समिति के खाते खुलने तक जनपद शामली की धनराशि जनपद मुज़फ्फरनगर की जिला स्वास्थ्य समिति के खाते में, जनपद हापुड़ के लिए धनराशि जनपद गाजियाबाद की जिला स्वास्थ्य समिति में तथा जनपद सम्भल के लिए धनराशि विकास खण्डों के अनुसार उनके मातृ–जनपदों बदायूं व मुरादाबाद की जिला स्वास्थ्य समिति के खातों में अवमुक्त की जा रही है।

**10. वित्तीय व्यवस्था**–उपर्युक्त क्रम में कृपया यह विशेष रूप से सुनिश्चित किया जाय कि–

- आशा/ए0एन0एम0/मृतिका के परिवार के सदस्य को किसी भी स्थिति में नगद भुगतान नहीं किया जायगा।
- प्राविधानित धनराशि का मदवार व्यय आवंटित धनराशि की सीमा के भीतर ही किया जाय।
- धनराशि का आबंटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नही करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासनादेशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरानत ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा। जिस कार्यक्रम/मद में धनराशि आबंटित की गयी है उसी सीमा तक व्यय नियमानुसार किया जाये।
- व्यय से सम्बन्धित समस्त लेखाबहियाँ, बिल वाउचर्स व अन्य अभिलेखों को अपने स्तर पर सुरक्षित रखें एवं नियुक्ति मासिक कान्करेनट आडिटर, स्टेटच्यूरी आडिट, महालेखाकार की आडिट एवं सक्षम निरीक्षण अधिकारी हेतु उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
- समस्त गतिविधियों की भौतिक प्रगति एवं वित्तीय विवरण समयबद्ध रूप से एन0आर0एच0एम0 तथा निदेशक–मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण महानिदेशालय को निर्धारित प्रारूप (**संलग्नक–2)** पर प्रेषित करने का कष्ट करें।
- आवंटित धनराशि का व्यय शासकीय एवं विभागीय नियम एवं शर्तों का पालन करते हुए किया जाय।

- उपर्युक्त धनराशि के उपयोग में किसी प्रकार की अनियमितता के लिए जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी उत्तरदायी होंगे।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

16/08/12

(मुकेश कुमार मेश्राम)
मिशन निदेशक

**पत्रसं0**–एनआरएचएम/एसपीएमयू/मै0डे0आ0/54बी/2012–13 1267-7219(1) **सदिनांक।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1 प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2 महानिदेशक–परिवार कल्याण, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3 समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
4 समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति ,एन0आर0एच0एम0,उत्तर प्रदेश।
5 समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0।
6 वित्त नियंत्रक–एन0आर0एच0एम0, एस0पी0एम0यू0, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
7 समस्त वरिष्ठ/वित्त एवं लेखाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, उत्तर प्रदेश।
8 समस्त मण्डलीय परियोजना प्रबन्धक,एन0आर0एच0एम0,उ0प्र0।
9 समस्त जिला परियोजना प्रबन्धक–एन0आर0एच0एम0, उत्तर प्रदेश।

(डा0 नीरा जैन)
महाप्रबन्धक,
मातृ स्वा0 एवं प0क0

संलग्नक–1

# जनपदों के स्तर पर मैटरनल डेथ ऑडिट कार्यक्रम के अन्तर्गत गठित समितियों की स्थिति

जनपद का नामः .........................................................

दिनांकः ..........................

| कम सं0 | जनपद स्तर पर गठित की जाने वाली समितियां | गठन की स्थिति<br>हाँ/नहीं | सदस्यों की संख्या | प्रशिक्षण की स्थिति<br>हाँ/नहीं | वर्ष 2012–13 में की गयी समीक्षा बैठकों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | जनपद स्तरीय मातृ मृत्यु समीक्षा समिति | | | | |
| 2 | जिला महिला चिकित्सालय स्तरीय मातृ मृत्यु समीक्षा समिति | | | | |
| 3 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (**L-2 & L-3**) स्तरीय मातृ मृत्यु समीक्षा समिति | | | | |
| 4 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (**L-2** ) स्तरीय मातृ मृत्यु समीक्षा समिति | | | | |
| | | | | | |

हस्ताक्षर, नाम व मोहर
मुख्य चिकित्सा अधिकारी

संलग्नक–2

एन.आर.एच.एम. द्वारा वित्तीय वर्ष 2012–13 में जनपदों के स्तर पर मैटरनल डेथ ऑडिट कार्यक्रम के अन्तर्गत उपलब्ध कराई गई धनराशि का

## उपयोगिता प्रमाण–पत्र

जनपद का नामः ........................................................

उपयोगित धनराशि की अवधिः ............से................तक दिनांकः ..........................

| क्रम सं0 | संचालित की जाने वाली गतिविधियाँ | सम्पन्न गतिविधियों की संख्या | कुल आवंटित धनराशि ₹ | वित्तीय वर्ष 2012–13 में व्यय की गई धनराशि ₹ | कुल अवशेष धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | आशाओं द्वारा की गयी मातृ मृत्यु की रिपोर्ट की संख्या एंव दी गयी प्रोत्साहन राशि | | | | |
| 2 | सामुदायिक स्तर पर किए गए मातृ मृत्यु ऑडिट की संख्या एवं आशा/ए0एन0एम0 एवं पारिवारिक सदस्य को दी गयी प्रोत्साहन राशि | | | | |
| 3 | जनपद स्तर पर प्रत्येक त्रैमास मातृ–मृत्यु की रिपोर्टिंग, ऑडिट व विश्लेषण के प्रस्तुतीकरण हेतु बैठकों का आयोजन | | | | |
| 4 | मण्डल स्तर पर मातृ मृत्यु की रिपोर्टिंग, ऑडिट व विश्लेषण हेतु त्रैमासिक समीक्षा बैठकों का आयोजन | | | | |
| 5 | मातृ–मृत्यु से सम्बन्धित फॉर्म्स एवं विभिन्न रिपोर्टिंग प्रपत्र का वार्षिक मुद्रण | | | | |
| | कुल योग | | | | |

**प्रमाण–पत्रः**

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार आवंटित धनराशि का उपयोग नियमानुसार/निर्देशानुसार ही किया गया है। समस्त व्यय बाऊचर्स सुरक्षित हैं।

हस्ताक्षर, नाम लेखा लिपिक

हस्ताक्षर, नाम व मोहर<br>मुख्य चिकित्सा अधिकारी

# Budget for MDR activities- NRHM 2012-13

| Sl. No. | District Name | Number of Blocks | Population | MMR of Division | Expected No of deaths | Divisional level review workshops | | 2 days Orientation/Review w/s at district level in 1st Qtr | | 1 Day Quarterly Review/dissemination of MDR findings at district level | | Monthly review meetings at districts by CMO | | Community based MDR (Rs 300.00 per audit for 3 members) | | Printing of forms, booklets & annual report | | Total budget in Lakhs Rs. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | Frequency | Budget @ Rs 25000.00 | Frequency | Budget @ Rs10000.00 | Frequency | Budget @ Rs 5000.00per mtg | Frequency | No Budget | Expected No. of CBMDR | Budget @ Rs 300.00/CBMDR | Frequency | Budget in lakhs@ Rs 5000.00 per district | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20.000 |
| 1 | Agra | 15 | 4380793 | 281 | 314 | 4 | 100000 | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 140 | 42000 | 1 | 5000 | 1.720 |
| 2 | Aligarh | 12 | 3673849 | 371 | 348 | 4 | 100000 | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 155 | 46500 | 1 | 5000 | 1.765 |
| 3 | Allahabad | 20 | 5959798 | 442 | 672 | 4 | 100000 | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 300 | 90000 | 1 | 5000 | 2.200 |
| 4 | Ambedkar Nagar | 9 | 2398709 | 451 | 276 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 123 | 36900 | 1 | 5000 | 0.669 |
| 5 | Auraiya | 7 | 1372287 | 257 | 90 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 40 | 12000 | 1 | 5000 | 0.420 |
| 6 | Azamgarh | 22 | 4616509 | 385 | 453 | 4 | 100000 | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 200 | 60000 | 1 | 5000 | 1.900 |
| 7 | Bagpat | 6 | 1302156 | 255 | 85 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 40 | 12000 | 1 | 5000 | 0.420 |
| 8 | Bahraich | 14 | 3478257 | 434 | 385 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 170 | 51000 | 1 | 5000 | 0.810 |
| 9 | Ballia | 17 | 3223642 | 385 | 316 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 140 | 42000 | 1 | 5000 | 0.720 |
| 10 | Balrampur | 9 | 2149066 | 434 | 238 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 106 | 31800 | 1 | 5000 | 0.618 |
| 11 | Banda | 8 | 1799541 | 306 | 140 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 65 | 19500 | 1 | 5000 | 0.495 |
| 12 | Barabanki | 15 | 3257983 | 451 | 375 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 170 | 51000 | 1 | 5000 | 0.810 |
| 13 | Bareilly | 15 | 4465344 | 437 | 498 | 4 | 100000 | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 225 | 67500 | 1 | 5000 | 1.975 |
| 14 | Basti | 14 | 2461056 | 412 | 259 | 4 | 100000 | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 115 | 34500 | 1 | 5000 | 1.645 |
| 15 | Bijnor | 11 | 3683896 | 339 | 318 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 142 | 42600 | 1 | 5000 | 0.726 |
| 16 | Budaun | 15 | 3130827 | 437 | 349 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 155 | 46500 | 1 | 5000 | 0.765 |
| 17 | Bulandshahar | 16 | 3498507 | 255 | 227 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 100 | 30000 | 1 | 5000 | 0.600 |
| 18 | Chandauli | 9 | 1952713 | 346 | 172 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 80 | 24000 | 1 | 5000 | 0.540 |
| 19 | Chitrakoot | 5 | 990626 | 306 | 77 | 4 | 100000 | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 34 | 10200 | 1 | 5000 | 1.402 |
| 20 | Amethi | 16 | 2259709 | 451 | 260 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 116 | 34800 | 1 | 5000 | 0.648 |
| 21 | Deoria | 16 | 3098637 | 354 | 280 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 125 | 37500 | 1 | 5000 | 0.675 |
| 22 | Etah | 8 | 1761152 | 371 | 167 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 74 | 22200 | 1 | 5000 | 0.522 |
| 23 | Etawah | 8 | 1579160 | 257 | 103 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 46 | 13800 | 1 | 5000 | 0.438 |
| 24 | Faizabad | 11 | 2468371 | 451 | 284 | 4 | 100000 | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 126 | 37800 | 1 | 5000 | 1.678 |
| 25 | Farrukhabad | 7 | 1887577 | 257 | 124 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 55 | 16500 | 1 | 5000 | 0.465 |
| 26 | Fatehpur | 13 | 2632684 | 442 | 297 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 132 | 39600 | 1 | 5000 | 0.696 |
| 27 | Firozabad | 9 | 2496761 | 281 | 179 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 80 | 24000 | 1 | 5000 | 0.540 |
| 28 | Gautam Buddha Nagar | 4 | 1674714 | 255 | 109 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 50 | 15000 | 1 | 5000 | 0.450 |
| 29 | Ghaziabad | 4 | 3239452 | 255 | 211 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 94 | 28200 | 1 | 5000 | 0.582 |
| 30 | Ghazipur | 16 | 3622727 | 346 | 320 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 142 | 42600 | 1 | 5000 | 0.726 |
| 31 | Gonda | 16 | 3431386 | 434 | 380 | 4 | 100000 | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 170 | 51000 | 1 | 5000 | 1.810 |
| 32 | Gorakhpur | 19 | 4436275 | 354 | 400 | 4 | 100000 | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 180 | 54000 | 1 | 5000 | 1.840 |
| 33 | Hapur | 4 | 1422000 | 255 | 92 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 40 | 12000 | 1 | 5000 | 0.420 |
| 34 | Hamirpur | 7 | 1104021 | 306 | 86 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 40 | 12000 | 1 | 5000 | 0.420 |
| 35 | Hardoi | 19 | 4091380 | 330 | 344 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 155 | 46500 | 1 | 5000 | 0.765 |
| 36 | Jalaun | 9 | 1670718 | 241 | 103 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 46 | 13800 | 1 | 5000 | 0.438 |
| 37 | Jaunpur | 21 | 4476072 | 346 | 395 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 176 | 52800 | 1 | 5000 | 0.828 |

| Sl. No. | District Name | Number of Blocks | Population | MMR of Division | Expected No of deaths | Divisional level review workshops | | 2 days Orientation/Review w/s at district level in 1st Qtr | | 1 Day Quarterly Review/dissemination of MDR findings at district level | | Monthly review meetings at districts by CMO | | Community based MDR (Rs 300.00 per audit for 3 members) | | Printing of forms, booklets & annual report | | Total budget in Lakhs Rs. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | Frequency | Budget @ Rs 25000.00 | Frequency | Budget @ Rs10000.00 | Frequency | Budget @ Rs 5000.00per mtg | Frequency | No Budget | Expected No. of CBMDR | Budget @ Rs 300.00/CBMDR | Frequency | Budget in lakhs@ Rs 5000.00 per district | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20.000 |
| 38 | Jhansi | 8 | 2000755 | 241 | 123 | 4 | 100000 | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 55 | 16500 | 1 | 5000 | 1.465 |
| 39 | Jyotiba Phule Nagar | 6 | 1838771 | 339 | 159 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 71 | 21300 | 1 | 5000 | 0.513 |
| 40 | Kannauj | 8 | 1658005 | 257 | 109 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 50 | 15000 | 1 | 5000 | 0.450 |
| 41 | Kanpur Dehat | 10 | 1795092 | 257 | 118 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 53 | 15900 | 1 | 5000 | 0.459 |
| 42 | Kanpur Nagar | 10 | 4572951 | 257 | 300 | 4 | 100000 | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 134 | 40200 | 1 | 5000 | 1.702 |
| 43 | Kashi Ram Nagar | 7 | 1438156 | 371 | 136 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 61 | 18300 | 1 | 5000 | 0.483 |
| 44 | Kaushambi | 8 | 1596909 | 442 | 180 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 80 | 24000 | 1 | 5000 | 0.540 |
| 45 | Lakhimpur Kheri | 15 | 4013634 | 330 | 338 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 150 | 45000 | 1 | 5000 | 0.750 |
| 46 | Kushinagar | 14 | 3560830 | 354 | 321 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 143 | 42900 | 1 | 5000 | 0.729 |
| 47 | Lalitpur | 6 | 1218002 | 241 | 75 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 35 | 10500 | 1 | 5000 | 0.405 |
| 48 | Lucknow | 8 | 4588455 | 330 | 386 | 4 | 100000 | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 172 | 51600 | 1 | 5000 | 1.816 |
| 49 | Mahamaya Nagar | 7 | 1565678 | 371 | 148 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 66 | 19800 | 1 | 5000 | 0.498 |
| 50 | Mahoba | 4 | 876055 | 306 | 68 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 30 | 9000 | 1 | 5000 | 0.390 |
| 51 | Maharajganj | 12 | 2665292 | 354 | 241 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 107 | 32100 | 1 | 5000 | 0.621 |
| 52 | Mainpuri | 9 | 1847194 | 281 | 132 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 59 | 17700 | 1 | 5000 | 0.477 |
| 53 | Mathura | 10 | 2541894 | 281 | 182 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 81 | 24300 | 1 | 5000 | 0.543 |
| 54 | Mau | 9 | 2205170 | 385 | 216 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 96 | 28800 | 1 | 5000 | 0.588 |
| 55 | Meerut | 12 | 3447405 | 255 | 224 | 4 | 100000 | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 100 | 30000 | 1 | 5000 | 1.600 |
| 56 | Mirzapur | 12 | 2494533 | 306 | 195 | 4 | 100000 | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 87 | 26100 | 1 | 5000 | 1.561 |
| 57 | Moradabad | 8 | 3127243 | 339 | 270 | 4 | 100000 | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 120 | 36000 | 1 | 5000 | 1.660 |
| 58 | Muzaffarnagar | 9 | 2744919 | 337 | 236 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 105 | 31500 | 1 | 5000 | 0.615 |
| 59 | Pilibhit | 7 | 2037225 | 437 | 227 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 100 | 30000 | 1 | 5000 | 0.600 |
| 60 | Pratapgarh | 17 | 3173752 | 442 | 358 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 160 | 48000 | 1 | 5000 | 0.780 |
| 61 | Rae Bareli | 15 | 2471413 | 330 | 208 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 93 | 27900 | 1 | 5000 | 0.579 |
| 62 | Rampur | 6 | 2335398 | 339 | 202 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 90 | 27000 | 1 | 5000 | 0.570 |
| 63 | Saharanpur | 11 | 3464228 | 337 | 298 | 4 | 100000 | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 133 | 39900 | 1 | 5000 | 1.699 |
| 64 | Sambhal | 8 | 2176561 | 339 | 188 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 85 | 25500 | 1 | 5000 | 0.555 |
| 65 | Sant Kabir Nagar | 9 | 1714300 | 412 | 180 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 80 | 24000 | 1 | 5000 | 0.540 |
| 66 | Sant Ravidas Nagar | 6 | 1554203 | 306 | 121 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 54 | 16200 | 1 | 5000 | 0.462 |
| 67 | Shahjahanpur | 15 | 3002376 | 437 | 335 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 150 | 45000 | 1 | 5000 | 0.750 |
| 68 | Shamali | 5 | 1393686 | 337 | 120 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 55 | 16500 | 1 | 5000 | 0.465 |
| 69 | Shrawasti | 5 | 1114615 | 434 | 123 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 55 | 16500 | 1 | 5000 | 0.465 |
| 70 | Siddharth Nagar | 14 | 2553526 | 412 | 268 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 120 | 36000 | 1 | 5000 | 0.660 |
| 71 | Sitapur | 19 | 4474446 | 330 | 377 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 170 | 51000 | 1 | 5000 | 0.810 |
| 72 | Sonbhadra | 8 | 1862612 | 306 | 145 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 65 | 19500 | 1 | 5000 | 0.495 |
| 73 | Sultanpur | 13 | 2463804 | 451 | 283 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 126 | 37800 | 1 | 5000 | 0.678 |
| 74 | Unnao | 16 | 3110595 | 330 | 262 | | | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 117 | 35100 | 1 | 5000 | 0.651 |
| 75 | Varanasi | 8 | 3682194 | 346 | 325 | 4 | 100000 | 1 | 10000 | 3 | 15000 | 12 | 0 | 145 | 43500 | 1 | 5000 | 1.735 |
| | | 820 | 199530232 | 345 | 17903 | 72 | 1800000 | 75 | 750000 | 225 | 1125000 | 900 | 0 | 8000 | 2400000 | 75 | 375000 | 64.500 |